# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी

## छात्रावास

पुरुष विद्यार्थियों के लिए तीन ब्लॉक (बी1, बी2 और बी3) और महिला विद्यार्थियों के लिए एक ब्लॉक (जी1) है। फोंडा में स्नातकोत्तर (पुरुष) विद्यार्थियों के लिए दो बाह्य परिसरीय आवास भी हैं। सभी ब्लॉकों के सभी कमरे दो विद्यार्थियों के रहने के लिए हैं जिनमें स्टडी टेबल, स्टडी चेयर, सिंगल-बेड फ्रेम और अलमारी की व्यवस्था है। प्रत्येक कमरे में लैन पोर्ट भी हैं।

प्रत्येक छात्रावास के प्रत्येक तल और प्रत्येक विंग में निम्नलिखित सामान्य सुविधाएं उपलब्ध हैं:

- वाई-फाई एक्सेस पॉइंट
- वाशिंग मशीन
- वाटर कूलर
- वाटर प्युरिफायर
- गीज़र
- रेफ्रिजरेटर (दो लड़कों के लिए और दो लड़कियों के लिए)
- कचरे के डिब्बे

## मेस डाइनिंग

छात्रावास परिसर में एक विशाल भोजनालय मौजूद है, जहाँ सभी छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को मेनू-आधारित भोजन उपलब्ध करवाएं जाते हैं। मासिक मेनू का प्रबंधन छात्र मेस परिषद द्वारा हॉल कार्यालय और वार्डन के परामर्श से किया जाता है।

छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली मेस सुविधा का लाभ उठाना अनिवार्य है। खाने की प्लेटें और कटलरी कैटरर द्वारा प्रदान की जाती हैं। भोजनालय आईआईटी गोवा के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए सुलभ है।

आईआईटी गोवा में भोजन का समय:

| भोजन | सप्ताह के दिन (सोमवार-शुक्रवार) | सप्ताहांत (शनिवार-रविवार) |
|---|---|---|
| नाश्ता | सुबह 7:30 - 9:30 | सुबह 7:45 – 9:45 |
| दोपहर का भोजन | दोपहर 12:00 बजे - 2:00 बजे | दोपहर 12:30 - 2:30 बजे |
| शाम का नाश्ता | शाम 5:00 बजे - 6:15 बजे | शाम 5:00 बजे - 6:00 बजे |
| रात का भोजन | रात 8:00 बजे - 9:30 बजे | रात 8:00 बजे - 9:45 बजे |

छात्रावास परिसर में एक रात्रि कैंटीन भी है जो दोपहर 3 बजे से रात 1 बजे तक संचालित होती है। विद्यार्थी अपने खर्च पर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के ठीक बाहर कैफे, स्नैक्स प्वाइंट, बेकरी आदि के रूप में कुछ अन्य भोजन विकल्प भी मौजूद हैं।

## बैंक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा कैंपस में हॉस्टल के पास ही है। विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आसानी से शाखा में जा सकते हैं।

शाखा का विवरण इस प्रकार है:

- बैंक का नाम: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
- शाखा का नाम: फार्मागुडी
- पता: गोवा अभियांत्रिकी महाविद्यालय परिसर,<br>एससी/045, एससी-10, न्यू शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बंदोरा गांव,<br>फार्मागुडीपोस्ट ऑफिस., फार्मागुडी-403401,<br>फोंडा तालुका, जिला-उत्तर गोवा
- आईएफएससी कोड: UBIN0913286
- एमआईसीआर कोड: 403017045

## मोबाइल नेटवर्क:

परिसर में जियो मोबाइल नेटवर्क की कवरेज अन्य मोबाइल सेवा प्रदाताओं की तुलना में बेहतर है। इस बारे में अधिक जानकारी अन्य विद्यार्थियों से प्राप्त की जा सकती है।

## दुकानें:

छात्रावास में आपके रिपोर्टिंग की अवधि के दौरान, आईआईटी गोवा गद्दे, तकिए, बिस्तर की चादरें, तकिए के कवर, खिड़की के पर्दे, बाल्टी-मग, छोटे रैक आदि जैसी वस्तुओं को बेचने के लिए विक्रेताओं के स्टॉल लगाने की सुविधा प्रदान करेगा। विद्यार्थी अपने खर्च पर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में कुछ बैंक स्टॉल भी उपलब्ध होंगे, जहां छात्र बैंकिंग सेवा का लाभ उठा सकेंगे। मुख्य द्वार के बाहर कुछ स्टेशनरी की दुकानें, ज़ेरॉक्स सुविधा, जनरल स्टोर भी हैं, जहाँ रोज़ाना आना-जाना किया जा सकता है।

**खरीदने/ले जाने के लिए वस्तुओं की सूची** (विद्यार्थी अपनी आवश्यकता के अनुसार चयन और खरीद कर सकते हैं, इनमें से कई वस्तुएं स्थानीय स्तर पर खरीदी जा सकती हैं जैसा कि ऊपर बताया गया है)

- एकल बिस्तर गद्दा
- तकिया
- चादरें
- तकिये का कवर
- खिड़की के पर्दे
- बाल्टी-मग
- कमरे का डस्टबिन
- स्टैंड सहित आईना (ड्रिलिंग की अनुमति नहीं है!)
- ईथरनेट एडाप्टर (लैन से यूएसबी)
- पोर्टेबल कपड़ा स्टैंड (छोटे आकार)
- कपड़ा हैंगर
- जूता रैक (छोटे आकार)
- डोरमैट

- मच्छर भगाने वाली दवा (मशीन, स्प्रे, लोशन आदि)
- व्यक्तिगत प्रसाधन सामग्री (नहाने का साबुन, शैम्पू, कपड़े धोने का डिटर्जेंट, शेविंग क्रीम, टूथपेस्ट, हैंड वॉश, पानी की बोतल आदि)
- अच्छी गुणवत्ता वाला छाता (गोवा में मानसून में बहुत भारी बारिश होती है!)

## सफाई और रखरखाव

छात्रावास के लिए हाउस-कीपिंग कार्मिकों की एक समर्पित टीम है जो छात्रावास के सभी ब्लॉकों के साथ-साथ सामान्य स्थलों में दैनिक आधार पर साफ-सफाई का कार्य करती है। इसी प्रकार, बिजली, प्लंबिंग आदि से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए अनुरक्षण हेतु पेशेवर कार्मिक भी मौजूद हैं।

## सुरक्षा

सुरक्षा डेस्क आईआईटी गोवा छात्रावास के मुख्य द्वार के प्रवेश द्वार पर स्थित है। यह चौबीसों घंटे क्रियान्वित रहता है। परिसरीय सुरक्षा सभी ब्लॉकों और छात्रावासों से जुड़े अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।

## चिकित्सा

एक अच्छा चिकित्सा केंद्र विद्यार्थियों, कर्मचारियों और शिक्षकों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसमें विद्यार्थियों की सेवा के लिए 24×7 एम्बुलेंस सहित सभी बुनियादी सुविधाएँ हैं। डॉक्टर और नर्स नियमित कार्यालय समय के दौरान उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा, आवश्यकता पड़ने पर आईआईटी गोवा ने आस-पास के अन्य अस्पतालों के साथ सम्बद्धता (टाई-अप) किया है।

## खेल-कूद और जिम

यहाँ विद्यार्थियों के लिए अनेक खेल की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट और कुछ आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट उपलब्ध हैं। इसके अलावा, यहाँ एक इनडोर बैडमिंटन कोर्ट और जिम भी है, जहाँ एक निश्चित समय में जाया जा सकता है। इनके अलावा, यहाँ एक बड़ा खेल का मैदान भी है, जिसका उपयोग विद्यार्थी क्रिकेट खेलने के साथ-साथ जॉगिंग के लिए भी करते हैं।